## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–06.10.2023 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- नई दिल्ली में वामपंथ उग्रवाद की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–झारखंड में उग्रवाद खत्म करने के लिए तीन साल तक केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती जरूरी।
- केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा कल जमशेदपुर में करेंगे आदि महोत्सव का उद्घाटन, महोत्सव में जनजातीय संस्कृति और शिल्प को दिया जाएगा बढ़ावा।
- दो हजार रुपये के नोट बैंक में जमा करने या बदलने का कल अंतिम दिन, आरबीआई के गवर्नर ने कहा–अबतक छियानबे फीसदी नोट बैंकों में आ चुके वापस।

और

- एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी, पुरूष हॉकी टीम ने फाइनल में जापान को 5–1 से हराकर जीता स्वर्ण पदक, पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालिफाई।

************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित वामपंथ उग्रवाद की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में उग्रवाद को समाप्त करने के अभियान में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ झारखंड जगुआर और एसएटी जैसे विशेष दल का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। साथ ही राज्य में कम से कम तीन साल के लिए सीआरपीएफ की प्रतिनियुक्ति जरूरी है, ताकि नक्सल विरोधी अभियान लगातार चलाया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से झारखंड में बूढ़ा पहाड़ जैसे दुर्गम स्थान को नक्सलियों से मुक्त करा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि झारखंड में अभी भी आठ लाख लाभुक प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हैं। राज्य सरकार के आग्रह के बावजूद केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय इस संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं ले पाया है।

************

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा कल जमशेदपुर में होने वाले आदि महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कल शाम छह बजे से आदि महोत्सव का आयोजन किया गया है। जनजातीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ट्राईफेड द्वारा आदि महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह महोत्सव सात से सोलह अक्टूबर तक चलेगा। आदि महोत्सव में जनजातीय शिल्प, संस्कृति और वाणिज्य की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर स्थानीय सांसद, विधायक और जिला परिषद सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

************

देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए देवघर एम्स में दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित राज्य सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता को प्रति उत्तर देने का निर्देश दिया। याचिका में सांसद निशिकांत दुबे ने सरकार से देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनाने, आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था करने और फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की थी। इस मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी।

************

रामगढ़ जिले के उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी ने बताया गया कि इस योजना के लिए कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिस पर समीक्षा के उपरांत सर्वसम्मति से उपायुक्त ने स्वीकृति प्रदान कर दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में शिविर लगाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

************

सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को जंगली जानवरों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में आज माकुलाकोचा चेक नाका में हथिनी रजनी का 14वां जन्मदिन मनाया गया। दलमा पश्चिमी के रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया कि वन विभाग द्वारा लोगों को ये संदेश दिया जा रहा है कि जानवर भी पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण हैं। जानवरों का महत्व बताने के लिए स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की मौजूदगी में उनका जन्मदिन मनाया जाता है।

************

दो हजार रुपए के नोटों को बैंक में जमा करने या बदलने की कल अंतिम तिथि है। कल शाम तक बैंकों में दो हजार के नोट जमा या बदली कराए जा सकते हैं। इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कल कहा था कि दो हजार के लगभग 96 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं।

************

लोहरदगा जिले में डेंगू एवं चिकनगुनिया का प्रसार रोकने के लिए समाहरणालय के सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। उपविकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में दोनों बीमारियों की पहचान और रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। बैठक में जिला मलेरिया चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि कुल 79 लोगों के सैंपल की जांच की गई, जिसमें से तीन डेंगू और पांच चिकनगुनिया के मरीज मिले हैं। सभी का उपचार किया गया है। वहीं सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने बताया कि दोनों बीमारियों से बचने के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।

************

खूंटी जिले के निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस की विधि–व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी भी ली। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत रहने के निर्देश दिए।

************

गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज सिसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड में संचालित पशुपालन, कृषि, विद्युत, पेयजल, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति और जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा उपायुक्त ने अंचल कार्यालय जाकर भूमि से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उन्होंने अंचल अधिकारी को सभी राशन दुकानों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश भी दिया।

************

जिला प्रशासन की ओर से कोडरमा मंडल कारा में आज छापेमारी की गई। प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह और एसडीओ संदीप मीणा के नेतृत्व में करीब एक घंटे तक चली छापेमारी की कार्रवाई में कुछ सिमकार्ड बरामद किए गए। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि छापेमारी के दौरान जेल में कई कमियां पाई गई हैं, जिन्हें दूर किया जाएगा।

************

रांची के होटवार में चल रहे खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत साहेबगंज की 14 वर्ष से कम उम्र की बालिका टीम ने कबड्डी प्रतियोगिता जीत ली है। टीम ने फाइनल में गढ़वा को 36–35 से हराया। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उपायुक्त राम निवास यादव ने इसे जिले के लिए गौरव का पल बताया।

************

एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल में जापान को पांच एक से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। अबतक भारत के कुल बाईस स्वर्ण पदक हो चुके हैं। इससे पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम ने सेमी फाइनल मैच खेलते हुए बांग्लादेश को नौ विकेट से हरा दिया। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारतीय टीम कल फाइनल मैच खेलेगी।

*********समाप्त*********